# शिव नाम के सहारे पापी

शिव नाम के सहारे पापी भी मुक्ति पाए,
भजले नमय शिवाय जपले नमय शिवाय,

तंत्रो का तंत्र है ये मंत्रो का मंत्र है ये,
ब्रम्हांड जानता है यंत्रो का यन्त्र है ये,
धरती ने इसको गाया आकाश गुण गुणाए,
भजले नमय शिवाय जपले नमय शिवाय,

लंका विजय से पहले श्री राम ने रटा है,
शिव नाम जब जपा है रावण का सर कटा है,
भोले की बस दया से लंका को जीत पाए,
भजले नमय शिवाय जपले नमय शिवाय,

ऐसा कवच ना दूजा करले जो इसको धारण,
उसके दुखो का होता पल भर में ही निवारण,
इन पांच अक्षरों में संसार है समाए,
भजले नमय शिवाय जपले नमय शिवाय,

सांसो की लय पे ‘लख्खा’ इस मंत्र को तू गाले,
रेखाए जो बुरी हैं किस्मत की सब मिटा ले,
ऐ बेधड़क जो भटके मंजिल वो अपनी पाए,
भजले नमय शिवाय जपले नमय शिवाय,

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4317/title/shiv-naam-ke-sahare-paapi-bhi-mukati-paaye-bhajle-namay-shivaye-japle-namay-shivaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |